शाहजहाँपुर पुलिस

प्रेस नोट सराहनीय कार्य दिनांक 08.04.24

“जनपदीय SOG, सर्विलांस सेल व थाना कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम को मिली बडी कामयाबी”

“एस0ओ0जी0, सर्विलांस सेल व थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना शाहबाद जनपद हरदोई में पंजीकृत मु0अ0सं0 164/24 धारा 364ए भादवि में अपहृत की 24 घण्टे में की गयी सकुशल बरामदगी ”

दिनांक **07.04.2024** को जरिये **DCR सूचना मिली** कि **थाना शाहबाद जनपद हरदोई से शाहजहाँपुर कोचिंग के लिए दिनांक 07.04.2024 को समय 08.00 बजे सुबह घर आरिज पुत्र अनीस खाँ निवासी मो0 दिलावरपुर थाना शाहबाद जनपद हरदोई गया था जो अभी तक घर नही पहुंचा और आरिज के मो0नं0 6306759615 से बेहोश आरिज को छोडने अन्यथा जान से मार देगें के एबज में पांच लाख रुपये की फिरौती मांगी जा रही है ।** तत्काल श्री अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर एवं श्री संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर, शाहजहाँपुर के निर्देशन व श्रीमती सौम्या पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में SOG, सर्विलांस सेल व थाना कोतवाली की संयुक्त टीम द्वारा घटना को गम्भीरता से लिया गया तथा **अपहृत आरिज उपरोक्त को सकुशल UP- 27 ढाबा नगरिया मोड के पास से बरामद कर लिया ।** इस संबंध मे सगीर खां द्वारा थाना शाहबाद जनपद हरदोई पर अभियोग पंजीकृत कराया गया है ।

पंजीकृत अभियोग का विवरणः-

मु0अ0सं0 0164/24 धारा 364ए भादवि थाना शाहबाद जनपद हरदोई ।

पुछताछ का विवरणः-

दौराने पूछताछ आरिज उपरोक्त द्वारा बताया गया कि मै मौहल्ला हयातपुरा शाहजहांपुर मे कोचिंग पढता हूं। दिनांक 07.04.2024 को मै अपने घर से शाहजहांपुर कोचिंग जाने को कह कर गया था कुबैत से मेरे पिता सारा पैसा मेरे खाते में भेजते हैं लगभग एक माह पहले मेरे खाते से आनलाईन गेमिंग के दौरान एक लाख 80 हजार रुपये कट गये थे और पैसे वापसी का कोई जरिया नही था परिवार वालों के डर से दिनांक 07.04.2024 को हरदोई के एक होटल में अपने साथी मौ0 खेडा बीबीजई कंजड बस्ती में कल्लू टिक्की वाले के घर सामने थाना शाहबाद हरदोई के रहने वाले राजा और अरबाज के सहयोग से मैने अपने अपहरण कर फिरौती मांगने की योजना बनाई। उसके बाद हम तीनों थाना सदर बाजार शाहजहांपुर के एक होटल में रुके होटल के पास से ही राजा ने योजना के अनुसार मेरे ताऊ सगीर खाँ से मेरे फोन SAMSUNG मो0नं0 6306759615 से पहले पांच लाख रुपये फिर एक लाख 80 हजार रुपये की फिरौती मांगी। उसके बाद राजा व अरबाज अपने घर चले गये मै पैसें मिलने का इन्तजार करने के लिए समय बिताने ट्रेन से बरेली पहुंच चला गया उसके बाद सैटेलाइट से बस

पकडकर शाहजहांपुर नगरिया मोड पर उतर गया और UP- 27 ढाबा के पास आ गया जहाँ UP- 27 ढाबा के पास पानी के गड्ढे में मैने अपना सैमसंग का फोन डाल दिया जिससे मै अपने परिवार वालो को बता सकूं की अपहरण करने वालो ने मेरा फोन भी कही फेंक दिया था। उसके बाद मुझे पुलिस ने UP- 27 ढाबा के पास से सकुशल बरामद कर लिया। जिसके बाद मैने पुलिस के पूछने के बाद सारी सच्चाई बतायी और अपना सैमसंग का फोन UP- 27 ढाबे के पास बने गड्ढे में पानी से बरामद कराया है। अपने फोन से गेंमिग मे कटे 1 लाख 80 हजार रुपये पूरे करने के चक्कर मे अपना अपहरण कर फिरौती मांगने की साजिश मेरे व मेरे साथियों के द्वारा की गयी है।

बरामदगी का स्थान व समयः-

अपहृत आरिज उपरोक्त को सकुशल UP- 27 ढाबा नगरिया मोड के पास से दिनांक **08/04/24** समय करीब 14:50 बरामद कर लिया।

विवरण बरामदगी करने वाली संयुक्त पुलिस टीम –

एस0ओ0जी टीम

निरीक्षक श्री रीतेन्द्र प्रताप सिंह, एस0ओ0जी0 प्रभारी मय टीम जनपद शाहजहाँपुर।

सर्विलांस सेल टीमः-

1. का0 1805 प्रभात कुमार, सर्विलांस सेल, शाहजहाँपुर।
2. का0 2656 मुकुल खोखर, सर्विलांस सेल, शाहजहाँपुर।
3. का0 1997 सचिन कुमार, सर्विलांस सेल, शाहजहाँपुर।

थाना कोतवाली पुलिस टीमः-

1. **प्रभारी निरीक्षक श्री राजदेव मिश्रा थाना शाहबाद जनपद हरदोई।**
2. प्रभारी निरीक्षक श्री राजीव तोमर थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।
3. उ0नि0 श्री रोहित कुमार थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।
4. उ0नि0 श्री अरविन्द कनौजिया थाना कोतवाली जनपद शाहजहांपुर।
5. हे0का0 54 जावेद अली थाना कोतवाली शाहजहांपुर।
6. हे0का0 216 मो0 यासीन खाँ थाना कोतवाली शाहजहांपुर।